IV

"In accordance with the provisions of Rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose herewith the Civil Defence Bill, 1968, as passed hy Lok Sabha at its sitting held on the 7th May, 1968."

Sir, I beg to lay a copy of each of the Pondicherry (Extension of Laws) Bill, 1968 and the Civil Defence Bill, 1968.

## .ANNOUNCEMENT *RE* IMPRISONMENT OF SHRI G. BARBORA

MR. CHAIRMAN: I have to inform Members that I have received the following communication from the Judicial Magistrate, New Delhi dated -the 8th May, 1968: —

"I have the honour to inform you that Shri Golap Barbora, Member of the Rajya Sabha was tried at the New Delhi Courts before me on a charge of section 188 I.P.C, foriolating the prohibitory orders promulgated u|s. 144 Cr. P.C. and 1 leading a demonstration and shouting slogans on 8-5-68 at .1-40 P.M. j at Patel ChowTt, New Delhi to which ! he pleaded guilty.

2. On 8-5-68 after a trial lasting for today, I found him guilty of the offence ujs. 188 I.P.C. and 1 sentenced him to simple imprison- | ment for 10 days.

3. He is at present lodged in the Central Jail, Tihar."

**श्री राजनारायण** (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन् . . . . .

MR. CHAIRMAN: Next item, no ■more.

**श्री राजनारायण** : श्रीमन्, मैं निवेदन कर रहा था ।

[THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

माननीया, मेरा निवेदन यह है कि श्री गोलप बरबोरा जो कि जेल में रखे गये हैं . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: I . think what the Chairman has ruled is final. No more.

**श्री राजनारायण** : चेयरमैन ने तो कहा कि हम जा रहे हैं, आप आ रही हैं, वह गये और आप आई । मैं आपको जानकारी दे रहा हूं । श्री गोलप बरबोरा तिहाड़ जेल में बन्द हैं, मगर रात को यह खबर आई कि उनके पास और उनके साथ जो गये उनके पास, किसी के पास, कोई बिस्तर नहीं है । उनके लिये किसी तरह की समुचित व्यवस्था नहीं है । ये पार्लियामेंट के मेम्बर हैं । तो उनके लिये समुचित व्यवस्था हो । एक बेड न हो, चारपाई न हो, क्या है ? मैं चाहता हूं माननीया कि आप सरकार को आदेश दें कि सरकार यह देखे कि उन लोगों के लिये उचित व्यवस्था हो रही है या नहीं हो रही ह ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: No more. That will do. Next item.

## I. MOTION SUGGESTING REVOCATION OF THE PROCLAMATION ISSUED BY THE PRESIDENT ON APRIL 15, 1968, IN RELATION TO UTTAR PRADESH.

## II. RESOLUTION *RE* PRESIDENTIAL PROCLAMATION OF 15TH APRIL, 1968 VARYING THE PROCLAMATION ISSUED ON 25TH FEBRUARY, 1068, IN RELATION TO THE STATE OF UTTAR PRADESH—contd.

**श्री मान सिंह वर्मा** (उत्तर प्रदेश) : माननीया, उत्तर प्रदेश में जो कुछ भी हुआ, वह इतना दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिसकी हम इस प्रजातंत्र में आशा नहीं कर सकते थे और न इसकी कल्पना ही कर सकते थे । मैं प्रारम्भ से ही वहां पर रहा और जब से संविद की सरकार बनी उस सरकार में भी रहने का

मुझे अवसर मिला । मंत्रिमंडल में मैं था। जैसा कि राज्यपाल की रिपोर्ट में यह कहा गया है कि संविद के आपस के झगड़े के कारण ऐसी परिस्थिति आ गई, तो पूरी रिपोर्ट देखने के बाद भी और जितने भी तथ्य हैं, उन सब पर दृष्टिपात करने के पश्चात् भी हम अभी भी यह नहीं समझ पाये हैं कि संविद के आपस के कौन-से झगड़े ऐसे थे, जिनके कारण संविद के सदस्यों की संख्या कांग्रेस के सदस्यों की संख्या से कम हो गई, ऐसी कोई प्रमाण न तो राज्यपाल ने अपनी रिपोर्ट में दिया है और न हमें देखने को मिला है ।

मैं ऐसा समझता हूं कि राज्यपाल का जो कार्य है, वह यह नहीं है कि वह इस बात को देखें कि दोनों दलों में से किस की संख्या कम है, किस की ज्यादा है, इसके लिये उपयुक्त और उचित स्थान तो सदन है । जिस समय वहां पर संविद सरकार गिरी, तो संविद सरकार इस कारण से नहीं गिरी कि संविद के जो सदस्य थे उनकी संख्या कम हो गई ; ऐसी बात नहीं थी, बल्कि संविद के जो नेता थे, उन्होंने किन्हीं कारणों से त्याग-पत्र दे दिया और त्याग-पत्र देने के पश्चात् कोई भी सदस्य संविद को छोड़ कर के नहीं गया, तो मैं नहीं समझता कि उन्होंने यह कैसे सोच लिया कि संविद अब मेजारिटी में नहीं है या बहुसंख्या में नहीं है । राज्यपाल का यह कहना कि हमें ऐसा प्रतीत हुआ कि वहां पर स्थायी सरकार नहीं रह सकेगी, तो मैं यह नहीं समझ सकता हूं कि कौन-से ऐसे तथ्य हैं, जिनके बल पर महामहिम राज्यपाल ने यह बात कही है । राज्यपाल अगर इस बात को देखना चाहते, तो उनके लिये आवश्यक बात यह थी और उचित बात यह थी कि वह संविद के जो नेता एकमत से चुने गये थे उनको आमंत्रित करते, सरकार बनाई जाती और फौरन ही सभा बुलाई जाती और उसमें यह देखने का अवसर मिल जाता कि किसके साथ बहुसंख्या है और किसके साथ अल्पसंख्या है । प्रारम्भ से ही जब से कि संविद सरकार बनी तब से कांग्रेस की तरफ से बराबर इस बात का प्रचार किया गया, प्रयास किया गया, कोशिश की गई कि संविद सरकार को गिराया जाये और तोड़ने-फोड़ने की कार्यवाहियां उसकी तरफ से बराबर चलती रहीं और कई बार ऐसा अवसर आया कि सदन में यह देखने के लिये उन्होंने अविश्वास का प्रस्ताव रखा, तो अविश्वास का प्रस्ताव भी उनका गिर गया । इसके पश्चात् कई प्रस्तावों के ऊपर मतदान हुआ और वहां पर भी कांग्रेस को हार खानी पड़ी । मेरे कहने का अभिप्राय यह है कि जब-जब सदन में कांग्रेस ने इस बात का प्रयास किया कि संविद की सरकार को गिरा दिया जाये, तब-तब उनको इसमें कामयाबी नहीं मिली, सफलता नहीं मिली । तो फिर राज्यपाल महोदय को यह कैसे पता लग गया कि नेता के हटने से संविद सरकार के सदस्यों की संख्या कम हो गई ।

अपनी रिपोर्ट में स्थायित्व के ऊपर उन्होंने बहुत ज़ोर दिया है । ऐसा रिपोर्ट में है । मैंने उनकी रिपोर्ट पढ़ी है । यह समझना कि राज्य में दोनों दलों में से कोई भी स्थायी सरकार नहीं बना पायेगा तो इस कारण से मध्यवर्ती चुनाव करा दें मैं समझता हूं कि यह अनुभव "एक्सपेरिमेंट" जो है, बहुत महंगा है । आप यह जानते हैं कि मध्यवर्ती चुनाव में करोड़ों रुपयों का भार पड़ता है, प्रान्त के ऊपर और वह प्रान्त जो कि आर्थिक दृष्टि से देश के प्रायः सभी प्रान्तों से पिछड़ा हुआ है और इन बीस वर्षों में और भी अधिक उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। ऐसे प्रान्त के ऊपर केवल यह जानने के लिये कि किसकी संख्या अधिक है, उन्होंने इतना बड़ा व्यय का भार डाल दिया । क्या राज्यपाल महोदय इस बात की जानकारी दे सकते हैं कि इस मध्यावधि चुनाव के पश्चात् भी सरकार स्थायी रुप से बन सकेगी ? क्या एक वर्ष के अंदर ऐसी स्थिति

(श्री मान सिंह वर्मा)

आ जायेगी, में पूछना चाहता हूं । मध्यावधि चुनाव के पश्चात् भी यदि दलों की अवस्था ऐसी ही रही, ऐसा हो सकता है कि किसी के दस कम हो जायें किसी के दस ज्यादा हो जाय, तो ऐसी स्थिति में फिर सरकार बनने की वही बात रही जो आज थी। तो उसके लिये करोड़ों रुपये का व्यय करके एक इतना बड़ा एक्सपेरिमेंट करना मैं समझता हूं उचित बात नहीं थी। इसके लिये उचित बात यह थी कि वह संविद सरकार के नेता को जो एकमत से चुना गया था, सरकार बनाने को बुलाते ; क्योंकि मुझे ठीक प्रकार से मालूम है कि पहले राज्यपाल महोदय ने कहा था कि चौधरी चरण सिंह ने त्याग-पत्र दे दिया है, उसके पश्चात् जो भी नेता चुना गया है, उसे मैं सरकार बनाने के लिये आमंत्रित करूंगा। सर्वसम्मति से शुरू में विकल जी को चुना गया, उसमें एक दो व्यक्तियों ने ऐतराज़ किया था, यद्यपि वह ऐतराज़ इस योग्य नहीं था कि उसकी सुनवाई होती, तो राज्यपाल महोदय ने यह कहा कि कोआर्डिनेशन कमेटी, समन्वय समिति के द्वारा जो नेता चुना गया है, उसका रेटफिकेशन जब तक जनरल बाडी से नहीं होता तब तक मैं उसको नहीं मानूंगा, अतः जो भी नेता समन्वय समिति द्वारा चुनाव जाये, उसे जनरल बाडी द्वारा रेटिफिकेशन प्राप्त होना चाहिये, उसके पश्चात् ऐसा ही हुआ कि एकमत से हरीशचन्द्र को नेता चुन लिया गया . . .

श्री महेश्वर नाथ कौल (नाम-निर्देशित): कब ? 28 मार्च को ।

**श्री मान सिंह वर्मा** : और उसके पश्चात् उनको चुन लिया गया, एकमत से, जैसा गवर्नर महोदय चाहते थे । तो जब एकमत से जनरल बाडी ने चुन लिया, तो उसके बाद मैं यह नहीं समझता फिर कौन सी बाधा आ गई थी, उनको सरकार बनाने के लिये आमन्त्रित करने में । मैं समझता हूं इसके पीछे एक ऐसा षड्यंत्र है, वैसे मैं महामहिम राज्यपाल का बड़ा आदर करता हूं, प्रारंभ से उन्होंने कुछ इस प्रकार से कार्य किया था। उन्होंने शुरू से इस बात पर सम्मति प्रकट की कि आपको नेता का चुनाव कर लेना चाहिए और वह नेता का चुनाव कर लिया गया । लेकिन इसमें कुछ थोड़ा-सा समय लगता है । आप जानते हैं राजनीति की बात है, राजनैतिक जीवन में इस तरह का समय लगता ही है । लेकिन फिर भी थोड़ा समय लगा । परन्तु अन्त में जब वह एकमत से नेता चुन लिए गये उसके पश्चात् कौन सी ऐसी बाधा थी जिसके कारण उन्होंने संविद के नेता को नहीं बुलाया । इसी तरीके से मैं यह समझता हूं कि जो स्थिति उस समय हो गई थी, मैं तो यहां तक भी कहने के लिए तैयार हूं कि यदि उस समय संविद के नेता को न भी बुलाते क्योंकि प्रत्येक एम० एल० ए० इस बात के लिये इच्छुक था कि सरकार बन जानी चाहिये, कोई भी इस बात के लिये तैयार नहीं था न इसको पसन्द करता था, न यह बात चाहता था कि राज्य को मध्यावधि चुनाव के खर्च में पड़ना पड़े— कि उसमें कोई हल निकल सकता था । मैं तो कहता हूं यदि राज्यपाल उस समय कांग्रेस के दल को भी बुला लेते तो शायद वह अनुभव और वह एक्सपेरिमेंट इससे सस्ता पड़ता जो कि आज राज्यपाल ने हमारे प्रान्त के ऊपर डाल दिया है । तो मैं समझता हूं कि राज्यपाल महोदय ने जो कुछ भी मध्यावधि चुनाव के लिए इस प्रकार से यह कार्य किया है वह उचित नहीं है, न तो प्रजातांत्रिक है और न ही वह प्रांत की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उचित ही है । अतः मैं यह समझता हूं कि जो इस प्रकार का प्रोक्लेमेशन किया गया है यह प्रजातांत्रिक नहीं है और इसकी कोई आवश्यकता भी नहीं थी, यह अवांछित है । अतः मैं इसका विरोध करता हूं ।

**उपसभापति** : श्री शुक्ला, श्री भार्गव, (अनुपस्थित) श्री मिश्र ।

**श्री एस० डी० मिश्र** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय .....

**श्री राजनारायण** (उत्तर प्रदेश) : वह नहीं थे, तो हमको बुला लेते ।

**उपसभापति** : उनके बाद आप को बुलाऊंगी ।

**श्री एस० डी० मिश्र** : उपसभापति महोदया मध्यावधि चुनाव का फैसला कोई ऐसी बात नहीं है कि जिसका साधारण तौर पर स्वागत किया जाये, परन्तु हमारे उत्तर प्रदेश में साल, भर के अन्दर ऐसी परिस्थिति पैदा हुइ कि यह फैसला केन्द्रीय सरकार को करना पड़ा । गवर्नर महोदय ने साल-भर इस शासन को देखा । दरअसल, उत्तर प्रदेश के पिछले चुनाव के बाद एक साल उत्तर प्रदेश के प्रजातंत्र की कहानी को अगर देखा जाये, उपसभापति जी, तो पता यह चलता है कि जो कुछ हुआ वह लाजिकल बातें हुई हैं । अगर मैं इस सदन को 1 अप्रैल, 1967 की घटना की ओर ले जाऊं तो उस दिन क्या हुआ, खास तौर से जनसंघ के लोगों ने श्री चरण सिंह को उक सा कर और कुछ लोगों को कांग्रेस पार्टी से डिफेक्ट करा के यह आश्वासन चरण सिंह जी को दिलवा कि आपके मजबूत शासन में रहेंगे और आपको रखेंगे । एक स्वीकृत प्रोग्राम उन्होंने बनाया जिसको यह लोग कहते थे मिनिमम प्रोग्राम . .

**श्री राजनारायण** : माननीया, मैं सही कह दूं । वह 1957 की बात है ।

**श्री एस० डी० मिश्र** . . उस पर वोटिंग हुई और चरण सिंह जी कांग्रेस पार्टी को छोड़ कर गए और इस आशा पर गए हैं कि 9 दलों में उनका बहुत बड़ा बहुमत होगा और यह लोग उनको सपोर्ट करेंगे, लेकिन आठ दिन नहीं बीते, इन्हीं पार्टियों का इतिहास यह दिखाता है कि आपस के ट्रान्सफर में, तबादले में, कार्य में, एक दूसरे के खिलाफ भीतर कैबिनेट में लड़ते थे, अब यह बाहर लड़ने लगे । इनकी लड़ाई जनता के सामने आई......

**श्री राजनारायण** : कहां आई ?

**श्री एस० डी० मिश्र** : अखबारों में आई, उत्तर प्रदेश में आई, देश में आई और कहां आती ? चरण सिंह का खुद बयान है जो मैं आपके सामने रखूंगा ।

**श्री जे० पी० यादव** (बिहार) : आपके यहां लड़ाई हुई तभी तो चरण सिंह छोड़ चले आपको ।

*(Interuption)*

**श्री एस० डी० मिश्र** : आप जब कहेंगे सुन लूंगा । कृपया जब मैं कहूं आप सुना करें ।

**श्री राजनारायण** : आप शब्द का प्रयोग चेयर के लिये होता है ।

**श्री एस० डी० मिश्र** : मैं यह कह रहा था कि जो कुछ हुआ है यह संविद की वजह से हुआ है । हम लोग, कांग्रेस के लोग, यह समझते हैं कि हो सकता है बीस साल के कांग्रेस के शासन में कमी आई, मैं यह नहीं कहता सभी कुछ अच्छा हुआ, कम से कम जनता इस आशा में थी और हम कांग्रेस वाले भी इस आशा में थे कि संविद की सरकार आई है, इन्होंने बड़े बड़े मेनीफैस्टो प्रसारित किये, बड़ी बड़ी बातें कीं, शायद हो सकता है कोई अच्छी चीज दीख जाये, अगर यह अच्छी चीज करेंगे तो हो सकता है हमारे में भी कुछ सुधार आए । लेकिन हमने देखा, साल भर की उनकी कहानी लड़ाई झगड़े की कहानी है । इनमें आपस में प्रतिस्पर्धा थी, हर काम वही करो जो कि अगले चुनाव से ताल्लुक रखता हो, आपस में अंदर कंपिटीशन करते थे, कैबिनेट में कोई फैसला हो के बाहर उनके घटक थे, जो एक एक दल के थे, वह एक का विरोध एक करते थे । चरण सिंह ने खुद बयान दिया, अखबारों में भी आया । मेरे पास उनके एक दो बयान हैं । उन्होंने कहा है। [In mid February he said about multi-party Government:

> "It was a new experiment no doubt, but it has not been a happy experiment."

On February llth, said at a public meeting;

"Because of the divergent views and policies of the constituent units of the S.V.D., the pace of development in the State had been low"—almost nil.

On February 18th, he said:

"It is a pity that none of the parties who constituted the S.V.D. had patriotic interests for the State or the country."

अब कांग्रेस वाले दस महीने चुप रहे, इसीलिए चुप रहे कि अगर वह बोलें तो यह घटक जो हैं, यह दल कहेंगे कि कांग्रेस वाले मदद कर रहे हैं, इसलिए यह सरकार नहीं चल रही है, कांग्रेस वाले तो यह चाहते थे। लेकिन हमें तो दुःख है कि उनकी सरकार जल्दी गिर गई, उनके कारनामों का और भंडाफोड़ नहीं हुआ, अगर उनके कारनामे साल भर और चलाते तो उनका भंडाफोड़ हो गया होता, क्योंकि जो आश्वासन उन्होंने दिया था कि ये ये योजनाएं करेंगे और जो 19 सूत्रीय कार्यक्रम उन्होंने बनाया था, जब असेम्बली में वोटिंग का समय हुआ तो इनका क्या हुआ . . .

*(Interuption)*

**श्री राजनारायण** : यह मेडन स्पीच है उनकी।

**उपसभापति** : नहीं उनकी मेडन स्पीच नहीं है। मगर इण्टरप्ट न करें।

**श्री एस० डी० मिश्र** : तो उपसभापति जी, इस मध्यावधि चुनाव से किसी को खुशी नहीं है, बल्कि दुःख है कि लेकिन प्रजातन्त्र की रक्षा के लिए यदि आवश्यक है तो इसे करना चाहिये।

अभी मानसिंह जी ने कहा और मैं सुन रहा था, वह कह रहे थे कि बहुमत था इस संविद का। बहुमत की दुर्दशा किसने की? श्री चरणसिंह ने क्या लिखा गवर्नर को। उन्होने लेटर लिखा जो कि सर्कुलेट हुआ है। उन्होंने क्या लिखा, वह पूरा लेटर तो मैं नहीं पढ़ रहा हूं, लेकिन कुछ हिस्सा बताता हूं। उन्हों ने कहा :

"I would advise that you may be pleased to exercise your power mentioned in article 174(2) (b) of the Constitution of India, that is, to dissolve the Legislative Assembly and hold a mid-term election in order to ascertain the wishes of the people in regard to the political party or parties which they would in the circumstances, like to run a stable Government for them."

**श्री सुन्दर सिंह भंडारी** (राजस्थान) : फिर यह जो बात आपने नोट की है और आप यह मान चुके हैं कि अगर वह न हो तो। इसलिए मेरा निवेदन यह है कि यह 'तो' वाला जो पोर्शन है उसको जरूर पढ़ा जाना चाहिये।

**श्री एस० डी० मिश्र** : उन्होंने कहा जो कि हाउस में रखा गया है। उन्होंने यह कहा कि चूंकि संविद का बहुमत है, इस लिये संविद के नेता को बुलाया जाये। तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि क्या संविद के चुनाव में छीछालेदर नहीं हुई थी। पहले एक बार यह कहा गया कि श्री रामचन्द्र विकल चुने गये हैं और उसके बाद दूसरी बार यह कहा गया कि श्री हरीशचन्द्र जी चुने गये हैं। जब श्री हरीशचन्द्र जी चुने गये तो तमाम दल के लोगों ने, रिपब्लिकन पार्टी के लोगों ने और स्वतंत्र मेम्बरों ने यह कहा कि हम लोग इसमें शामिल नहीं थे।

**श्री राजनारायण** : यह असत्य बोलना है।

SHRI A. D. MAKI (Madhya Pradesh): On a point of order. He is making his maiden speech in this House. It is a matter of courtesy to

allow him to go on without inter-ruptions.

**श्री एस० डी० मिश्र** : उप सभापति महोदय, सही बात यह है कि ये लोग अनप्लेजेंट बात सुनना नहीं चाहते हैं । जब ये सुनाते हैं तो हम चुपचाप सुन लेते हैं और जब हम सुनाते हैं तो इन्हें भी चुपचाप सुन लेना चाहिये और जो कुछ जवाब हो वह अपनी स्पीच में दे देना चाहिये । लेकिन ये लोग अनप्लेजेंट बात को सुनना ही नहीं चाहते हैं तो मैं इसमें क्या कर सकता हूं । जब हरीशचन्द्र जी यहां आये थे तो वे यह कह कर यहां आये थे कि संविद को सरकार बनाने का मौका दिया जाना चाहिये; क्योंकि उनके पीछे 227 वोट्स हैं और उनका बहुमत है । श्री चन्द्रभानु गुप्त ने एक लैटर गवर्नर को लिखा कि हमारा सदन में बहुमत है । हमारी पार्टी में 225 सदस्य हैं । उन्होंने 18 आदमियों का नाम भी दिया जो कि उनको सहयोग देने के लिए तैयार थे । गवर्नर ने वे नाम तो प्रकाशित नहीं किये और वह कर भी कैसे सकता था, लेकिन मेरी फाइल में वे हैं और हम निकालकर बतला सकते हैं । जनसंघ के लोग कांग्रेस में आये और उन्होंने बयान दिया कि हम कांग्रेस में आ गये हैं । उन लोगों को तरह तरह की धमकियां दी गई थीं । इस तरह से जब जनसंघ वालों ने 18 आदमियों के बारे में छीछालेदर की तो गवर्नर ने कहा कि हम इस बारे में राय असर्टेन करेंगे । उस समय संविद के जो नेता थे श्री हरीशचन्द्र, उन्होंने कहा नहीं, आप पब्लिकली सब का नाम लीजिये और तब ही हम असर्टेन की बात कहेंगे ।

जहां तक कांग्रेस दल के नेता श्री चन्द्रभानु गुप्त की बात है, जब पहली अप्रैल को बजट पर वोटिंग हुई और वे हार गये तो वे अपनी सीट से सीधे उठ कर गवर्नमेंट हाउस गये और अपना इस्तीफा दे दिया । इन लोगों का क्या रिकार्ड है । जब एस० एस० पी० के मिनिस्टरों ने रिजाइन संविद की सरकार से कर दिया तो इनके दल में प्रतिस्पर्धा हो गई । एक दूसरे से कम्पिटीशन रिजाइन करने के बारे में शुरु हो गया । कम्युनिस्टों ने कहा कि हम एस० एस० पी० से पीछे कैसे रहें । इस तरह से हर तरह से घटकों में कम्पटीशन होने लगा एक दूसरे के खिलाफ़ ब्लैक फ्लैग दिखाने में भी कम्पिटीशन होने लगा । जनसंघ और एस० एस० पी० वाले गवर्नमेंट में एक साथ बैठे हैं, मगर वे एक दूसरे को ब्लैक फ्लैग दिखला रहे हैं । इस तरह से वहां पर घटकों ने अपोजीशन का पार्ट अदा किया । तो ऐसी हालत में अगर किसी को शिकायत हो सकती है तो वह कांग्रेसजनों को हो सकती है कि गवर्नर ने उनको सरकार बनाने का मौका नहीं दिया, जबकि उनका बहुमत था । गवर्नमेंट ने यह उचित नहीं समझा कि कांग्रेस के नेता श्री चन्द्रभान गुप्त को बुलाये और उनको मुख्य मंत्री बना दे । परन्तु उन्होंने नहीं किया, केवल इसलिये नहीं किया कि वे भी शायद स्थायी सरकार प्रदान नहीं कर सकते हैं, कोई स्टेबिल सरकार नहीं दे सकते हैं । अगर कोई शिकायत उत्तर प्रदेश के संबंध में हो सकती है तो वह कांग्रेसजनों को हो सकती है । लेकिन कांग्रेसजनों ने इस चीज को इसलिये स्वीकार किया कि प्रजातन्त्र की हत्या न हो । जैसे ही संविद सरकार गई, तो उसके संबंध में लोग कहने लगे कि वह स्वयं विनाशक दल है, संयुक्त दल नहीं है । स्वयं विनाशक दल ने अपना नाश खुद किया और खुद करते रहे । तो हमारा जो यह विनाशक दल है वह दूसरों को अपने विनाश के लिए क्यों कोसता है? मुझे तो इस बात का दुःख है कि यह विनाशक दल एक साल के अन्दर ही चला गया । लेकिन इस अर्से में भी जितने प्रोग्राम उन्होंने किये वे कोई भी प्रोग्राम नहीं थे, कोई स्थायी प्रोग्राम नहीं थे । उन्होंने चुनाव के पहले कर्मचारियों को जो आशा दी थी, उसका एक अंश भी उन्होंने पूरा नहीं किया । ऐसी हालत में श्री मानसिंह का यह कहना कि सभी कांग्रेसजनों ने उत्तर प्रदेश

[श्री एस० डी० मिश्र]

में इस तरह की हालत पैदा की, यह कहना मेरी समझ में उचित नहीं है।

उपसभापति जी, श्री चव्हाण साहब ने जो प्रस्ताव रखा है, उसका मैं हृदय से समर्थन करता हूं और जो प्रस्ताव भूपेश गुप्त ने रखा है, उसको बिल्कुल रद्द कर दिया जाना चाहिये। मैं समझता हूं कि उत्तर प्रदेश में जो कुछ हुआ है वह सही हुआ है। अगर कोई बात हो सकती है तो वह यह हो सकती थी कि गवर्नर को श्री चन्द्रभानु गुप्त को बुलाना चाहिये था और उन्हें मुख्य मंत्री बनाना चाहिये था।

**श्री राजनारायण** : उपसभापति महोदया, इस समय हम लोग एक संवैधानिक स्थिति पर विचार कर रहे हैं। मैं इधर उधर नहीं जाना चाहूंगा। श्री राज्यपाल ने राष्ट्रपति जी को जो खत लिखा है . . .

**श्री महेश्वर नाथ कौल** : किस तारीख को ?

**श्री राजनारायण** : 10 अप्रैल, 1968 को। मैं चाहूंगा कि सदन के जिम्मेदार सदस्य कम से कम इस को पढ़ लें अवश्य। यह इतनी असंगतियों का पिटारा है, फुल आफ कांट्रेडिक्शन है और इसको देख कर कोई भी समझ सकता है कि राज्यपाल ने अपने कर्त्तव्य का पालन किया या नहीं किया। मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि उनके ऊपर जो संवैधानिक कर्त्तव्य आता था, उसका उन्होंने पालन नहीं किया। उसको उन्होंने पूरी तरह से तोड़ा है और इस संबंध में दो-तीन बातें पढ़ देना चाहता हूं।

"I have therefore no convincing proof to satisfy me that the Samyukta Vidhayak Dal would be able to command a stable majority; on the other hand, the uncertainty is clear."

अब यह कहते हैं कि संयुक्त विधायक दल का बहुमत है और वह स्टेबिल सरकार बना सकती है, लेकिन उसके पास कंविंसिग मेजारिटी नहीं थी और वह प्रान्त में एक स्थायी सरकार नहीं बना सकती थी। उन्होंने जो यह बात कही, तो मैं इसका उत्तर पूछना चाहता हूं और सदन में कोई व्यक्ति दे सकता है तो हमारे मिश्र जी दे सकते हैं। जो चुनाव होंगे, आगामी जो चुनाव होंगे क्या उसमें इससे भी बुरा नतीजा नहीं निकल सकता है? आगामी चुनाव में दलों की स्थिति ऐसी हो सकती है कि किसी को भी बहुमत प्राप्त नहीं हो सकेगा। इस तरह से जो दो दल, तीन दल मिलकर एक सरकार बनाने की स्थिति में आ सकते हैं। इसलिए राज्यपाल का यह कहना कि उसके पास कंविंसिग मेजारिटी नहीं थी, यह बिल्कुल गलत बात है। कंविंसिग मेजारिटी केवल सदन में ही आ सकती है और सदन को बुलाया जाता। सदन के अन्दर राज्यपाल साहब को पता चल जाता कि कंविंसिग मेजारिटी है या नहीं है। जब सदन में कोई प्रस्ताव आये, सरकार का कोई मोशन आये, बजट आये, तब ही इस बात का फैसला हो सकता है। अगर कंविंसिग मेजारिटी से कोई चीज पास हो जाएगी, तो वहां पर कंविंसिग मेजारिटी मान ली जायेगी। इसके पूर्व जो कंविंसिग मेजारिटी की बात कहते हैं वे मूर्ख हैं। यह एक संसदीय प्रथा है कि जब जब किसी समय वोटिंग हो, तो जो वोट करने वाला है, वह अपना मत तत्काल भी बदल सकता है, यानी वोटिंग करते करते भी इन्सान अपना मत बदल सकता है। यह संसदीय प्रथा में खूब अच्छी तरह मानी हुई बात है। इसलिए कंविंसिग मेजारिटी की कसौटी तब ही हो सकती है, जब सदन को बुलाया जाता। संविद की सरकार पर कांग्रेस ने नो-कांफिडेंस का मोशन दिया, अविश्वास का प्रस्ताव दिया, जो पूरी तरह ध्वस्त हुआ, गिरा, यानी जब

सदन उठा, उसके पूर्व कंविसिंग मेजारिटी की जितनी कसौटी थी, सभी कसौटी पर संविद खरी उतरी। इसलिए राज्यपाल अब यह हर्गिज नहीं कह सकता कि कंविंसिंग मेजारिटी नहीं थी। हाँ, यह सही है और मैं इसको मानने के लिये तैयार हूं कि जो विभिन्न घटक थे, उन घटकों में...

**श्री एस० डी० मिश्र** : आप यह बतायें कि इस साल भर के दौरान में राज्य सभा और कौंसिल के जो चुनाव हुये उनमें क्या नतीजा निकला ? क्या यह सही नहीं है कि सभी सीटें लगभग कांग्रेस को मिलीं वहाँ। क्या यह कंविंसिंग मेजारिटी का सबूत नहीं है ?

**श्री राजनारायण** : मैं बता देता हूं। अभी असल में यह बहुत लेट आये हैं राजनीति में यहाँ।

**श्री एस० डी० मिश्र** : आपसे पहले यहाँ था।

**श्री राजनारायण** : हाँ, जरूर रहे होंगे। हमसे पहले इन्दिरा जी प्रधान मंत्री बनीं, इसका मतलब यह नहीं है कि राजनीति में हमसे पुरानी हैं। छागला साहब से भी पहले बन गई, अकबर अली खां साहब से भी पहले बन गई, सम्पूर्णानन्द जी से भी पहले बन गई, श्री श्रीप्रकाश जी से भी पहले बन गई।

मैं इनके सवाल का जवाब दे दूंगा। कांग्रेस जब तक सत्ता में नहीं थी, तब तक बराबर म्युनिसिपल बोर्ड के चुनाव में, बराबर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के चुनाव में हारती रही। कांग्रेस डिस्ट्रिक्ट बोर्ड और म्युनिसिपल बोर्ड के चुनाव में तब जीती है, जब वह सत्ता में आई है। इनको इसकी जानकारी नहीं होगी कि कांग्रेस सारे बनारस में हारी, सारे इलाहाबाद में हारी, सारे लखनऊ में हारी और उसमें बड़े बड़े दिग्गज हारे। इसलिये इस सवाल में कोई तथ्य नहीं है।

अब दूसरा प्वाइंट मैं लेना चाहता हूं। ...

**एक माननीय सदस्य** : इलाहाबाद में कब इलेक्शन हुआ ?

**श्री राजनारायण** : मैं मोतीलाल जी की बात कह रहा हूं। मैं अगले ज़माने का हूं। तो कांग्रेस ने एक लिस्ट दी थी और कांग्रेस ने जो लिस्ट दी थी उसके बारे में राज्यपाल क्या लिखते हैं।

"..It may be recalled that the Congress Party was voted out of power. They may have improved their position to a certain extent but the situation is not clear. It claims now a majority on the basis of support of certain independents and defectors from other parties. I have information that at -least 4 of these are uncertain of their support to the Congress Party."

तो चार जब निकल जाते हैं, तो मेजारिटी नहीं रह जाती है।

SHRI S. D. MISRA: Only four out of eighteen; 198 plus 18 becomes a majority.

**श्री राजनारायण** : माननीया, अब हमारा प्वाइंट यह है कि कांग्रेस आउट आफ पावर हुई, हारी, उसकी सरकार हारी और हमारी संविद सरकार बनी। संविद की सरकार सदन में कभी अल्पमत में नहीं हुई, राज्यपाल का भी मामला इसमें साफ है। अब वह कहते हैं कि जब कांग्रेस हारी तो उसके बाद उसने अपनी स्थिति कुछ सुधारी, कुछ ताकत उसकी बढ़ी। मगर फिर राज्यपाल यह कहते हैं कि जो लिस्ट हमें श्री चन्द्रभानु गुप्त ने दी, वह लिस्ट भी सही नहीं थी; क्योंकि उसी लिस्ट में से चार व्यक्तियों ने हमको लिखा कि हम कांग्रेस का समर्थन नहीं करेंगे। अगर वह चार न लिखे होते तो श्री गोपाल रेड्डी बैठा ही दिये होते, श्री चन्द्रभान गुप्त

[श्री राजनारायण]

को। इसलिये जब उन चारों ने लिख दिया तब रेड्डी साहब का कतई मुंह नहीं रह गया था, हाथ नहीं रह गया था कि वह राष्ट्रपति को लिखते कि.....

**श्री एस0 डी0 मिश्र** : कांग्रेस के पास 198 सदस्य थे, 18 व्यक्तियों ने यह लिख कर के गवर्नर को दिया था कि हम कांग्रेस में शामिल होते हैं। उन 18 में से चार ने फिर अपना रिवीजन किया कि हम उसमें से वापस होते हैं। 422 का हाउस है, 422 के हाउस में अगर 198 और 14 जोड़ दिये जायें तो आधे से अधिक होते हैं या नहीं यह राजनारायण जी बतायें।

**श्री राजनारायण** : देखिये, फिर आप के जरिये मैं निवेदन कर देना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में ये अभी बहुत ही पीछे हैं। इनको ठीक समझना चाहिये। आँकड़े जो इन्होंने दिये, वे बिल्कुल गलत दिये। कांग्रेस की 198 की तादाद नहीं थी। 14 आदमियों की लिस्ट दी गई थी, उन 14 आदमियों में चार ने डिफेक्ट किया और दस रह गये। चाहे कांग्रेस की पोजीशन जो हो, लेकिन उनमें से दस के जोड़ने पर राज्यपाल यह बात समझते थे कि कांग्रेस का बहुमत नहीं है। उनकी रपट से यह बात बिल्कुल साफ है।

अब मैं दो-तीन बातें इस संबंध में अपने समर्थन में कहना चाहूंगा ...

SHRI AKBAR ALI KHAN (Andhra Pradesh): The Governor was very fair. He did not accept the Congress, He did not accept the DaL

**श्री राजनारायण** : कांग्रेस को न ऐक्सेप्ट करना सत्य है, मगर कांग्रेस को न एक्सेप्ट करने के बाद संविद को न ऐक्सेप्ट करना असत्य है।

एक तिकड़म रचा गया सेंटर से और तमाम अखबारों में हल्ला मचा कि कांग्रेस का भी बहुमत है, कांग्रेस का भी बहुमत है, कांग्रेस का भी बहुमत है। मैं यह पूछना चाहता हूं आपसे कि अगर कांग्रेस का बहुमत था तो संविद की ओर से कह दिया गया था कि अगर हमको नहीं बुला रहे हैं, तो आप कांग्रेस को ही बला लो। यह संविद की गुरुता देखिये, महिमा देखिये कि संविद ने कहा कि हम बहुमत में हैं, हम अल्पमत में हैं कभी यह सिद्ध नहीं हुआ, फिर भी अगर राज्यपाल यह चाहते हैं कि हमको न बुलायें कांग्रेस का बहुमत अगर राज्यपाल की तरफ से है, तो वे कांग्रेस को बुला लें। उसको क्यों नहीं बुलाया? इसलिये नहीं बुलाया कि पहले दिन ही सारा पर्दा फाश हो जाता। जिस दिन सदन बैठता चन्द्रभानु जी को मुख्य मंत्री ले करके उसी दिन चन्द्र भानु गुप्त जी की सरकार या कमलापति जी की सरकार धड़ाम से धराशायी हो जाती। मिश्रा जी को इस बात की जानकारी नहीं है कि कांग्रेस के 20 आदमी इस पर तुल कर बैठे थे कि अगर कांग्रेस को बुलायेंगे सत्ता में, तो हम बीस आदमी निकल जायेंगे। हमारे मित्र उनको अच्छी तरह से जानते हैं जो एक्स-कलेक्टर थे रामरूप सिंह जी जिनको सरकार ने एक चीनी मिल का मैनेजर बनाया था जो कि भतपूर्व एम० एल० ए० थे, उन्होंने बाकायदा वहाँ पर एक जत्था जमा कर दिया था। मैं यह भी कह दूं कि चन्द्रभानु गुप्त जी वैसे आसानी से छोड़ने वाले नहीं थे। माननीया, आप चन्द्रभानु गुप्त जी को जानती होंगी, सब कांग्रेस वाले चन्द्रभानु गुप्त को जानते होंगे कि मामूली ढंग से वे अपने किसी अधिकार को छोड़ने वाले नहीं हैं। जहाँ अधिकार न हो, वहाँ भी वे बैठ जाते हैं।

**श्री भूपेश गुप्त** (पश्चिमी बंगाल) : सट्रल हाल में बैठे हैं।

**श्री राजनारायण** : हां, सेंट्रल हाल में बैठे हैं। इसलिये जहां उनका अधिकार हो, जहां उनकी कंविसिंग मेजारिटी हो, वहां वे कैसे छोड़ देंगे आसानी से।

बहुत से लोग यहां पर यह कहते हैं कि इन्दिरा जी, दिनेश सिंह जी उनको नहीं चाहते हैं। हमने उनसे कहा कि चन्द्रभानु गुप्त जी, इन्दिरा जी, दिनेश सिंह जी से राजनीति में पीछे नहीं हैं। चन्द्रभानु गुप्त जी वह आदमी हैं कि यहां से जवाहरलाल जी जा रहे थे, पंत जी को उन्होंने यहां बुला लिया था और वे जा रहे थे लखनऊ, इसलिये, कि वे मीटिंग बुला करके विधायकों के बहुमत से एक मुख्य मंत्री चुनवायेंगे, नेता चुनवायेंगे। चन्द्रभानु गुप्त जी को जब पता चल गया कि नेहरू जी आने वाले हैं, तो उन्होंने शाम को ही कांग्रेस पार्टी को बुला करके सम्पूर्णानन्द जी को सर्वसम्मति से नेता चुनवा दिया। जब वहां पर जवाहरलाल जी पहुंचे, तो उनको पता चला कि सम्पूर्णानन्द जी को सर्वसम्मति से चुन लिया गया है। सम्पूर्णानन्द जी की और जवाहरलाल जी की कभी पटी नहीं थी। सम्पूर्णानन्द जी जब जेल से छूटे थे, तो उन्होंने चार लेख लिखे थे : "कांग्रेस गोइंग टुवर्डस इम्पीरियलइज़म" यानी "कांग्रेस साम्राज्यशाही की ओर जा रही है"। जो भी कांग्रेस की पुरानी सियासत में रह चुके हैं, उनको इस बात की जानकारी है कि नेहरू जी सम्पूर्णानन्द जी को फूटी आंख देखना पसन्द नहीं करते थे; क्योंकि सम्पूर्णानन्द जी राजनीति में ईमानदारी से और निर्भीकता से अपनी बात कहते थे। कभी भी अहिंसा के प्रति कांग्रेस की शपथ सम्पूर्णानन्द जी ने नहीं ली। जब शपथ ली जाती थी, तो वे चुप हो जाते थे। शायद उनको पता नहीं है कि सम्पूर्णानन्द जी, वे हैं जिन्होंने 1930 में सोशलिस्ट पार्टी बनारस में आर्गेनाइज़ की थी और ऐसा करने वाले वे कांग्रेस पार्टी के प्रथम सदस्य थे। इसीलिये नेहरू जी सम्पूर्णानन्द जी को चाहते नहीं थे। मैंने यह सब मिश्र जी को समझाने के लिये कहा ताकि उनके दिमाग़ में जो जाला और कोढ़ हो, वह जाला और कोढ़ कट जायें।

**श्री एस० डी० मिश्र** : माफ कीजिएगा यह तथ्य नहीं है।

**श्री राजनारायण** : मिश्र जी हमारी बात नहीं समझेंगे। यह हमारी बात तब समझते थे, जब हम इनको ले कर गये थे और यह कहा था कि यह मिश्रा हमारे साथ आया है, लड़का है, इसलिये बनारस राज्य की पहली सरकार बनी है पापुलर, उसमें यह हमारा एक प्रतिनिधि रहेगा, लेकिन जब वहां इन्होंने अपने रिश्तेदारों का पट्टा करना शुरू किया, तो हमने निकाला इनको अपने दल से।

**श्री एस० डी० मिश्र** : यह बिल्कुल अनर्गल बातें कर रहे हैं, जिनके जवाब के लिये हमको मौका दिया जाये।

**श्री राजनारायण** : मैं चाहता हूं कि इनको मौका जवाब का दिया जाये। (Interruption.) हमने महेन्द्र पाल से सत्याग्रह करवा कर और किसानों से आन्दोलन करवा कर उन पट्टों को कैंसिल करवाया है। आपको मालूम है कि हमारी 32, 33 बार जेल हुई है, कांग्रेस के राज्य में।

**श्री एस० डी० मिश्र** : आपका भी मुझे मालूम है।

**श्री राजनारायण** : बैठो।

**श्री एस० डी० मिश्र** : आप कहेंगे तो हम भी कहेंगे।

